**मध्य प्रदेश में रुग्ण कपड़ा मिलों को केन्द्रीय सहायता**

3483. **श्रीमती रत्न कुमारी :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत दो वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में रुग्ण कपड़ा मिलों को दी गई सहायता का मिल-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या 1988-89 के दौरान मध्य प्रदेश में रुग्ण कपड़ा मिलों को वित्तीय सहायता देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रफ़ीक आलम) :** (क) केन्द्रीय सरकार रुग्ण वस्त्र मिलों को अलग-अलग सीधे वित्तीय सहायता प्रदान नहीं करती है।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) को देखते हुये ये प्रश्न नहीं उठते।

**मध्य प्रदेश में ग्रामीण बैंक**

3484. **श्रीमती रत्न कुमारी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय मध्य प्रदेश में कार्यरत ग्रामीण बैंकों की संख्या कितनी है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान-उपर्युक्त बैंकों के लाभ/हानि लेखाओं का वर्षवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) 1988-89 के दौरान मध्य प्रदेश में ऐसे कितने बैंक खोलने का विचार है और ऐसे बैंक किन-किन स्थानों पर खोलने का विचार है ?

**वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फलेरियो) :** (क) इस समय मध्य प्रदेश राज्य में 24 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कार्यरत हैं।

(ख) उक्तक्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के वर्ष 1985, 1986 और 1987 के लाभ-हानि लेखे विवरण में दिखाये गये हैं (नीचे देखिये)।

(ग) सरकार का वर्ष 1988-89 के दौरान, मध्य प्रदेश में कोई नया क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक खोलने का विचार नहीं है

**विवरण**

**मध्य प्रदेश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लाभ-हानि लेखाओं की स्थिति**

(लाख रुपये में)

| क्रमसं. | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का नाम | 1985 | 1986 | 1987 |
|---|---|---|---|---|
| | | लाभ (+) हानि (-) | लाभ (+) (हानि (-) | लाभ (+) हानि (-) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, होसंगाबाद | (-) 46.48 | (-) 41.90 | (-) 47.01 |
| 2 | बिलासपुर-रायपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | (-) 46.66 | (-) 100.53 | (-) 129.00 |
| 3 | रीवा-सीधी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | (-) 7.41 | (-) 5.21 | (-) 1.16 |